INDIAN SCHOOL NIZWA - WORKSHEET

HINDI

अपठित गद्यांश

Name: ___________________ Date:_____________ Class: IX Sec: ___

| | |
|---|---|
| **1** | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प से चुनकर लिखिए** |
| | राष्ट्रीय एकता एक प्रबल शक्ति है। यह वीरता और बलिदान के कार्यों को बढ़ावा देती है और जनता में आत्मविश्वास उत्पन्न करती है। यह देशवासियों को उन्नति के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है । संसार के लोगों ने राष्ट्रीय एकता की भावना से प्रेरित होकर अपूर्व उन्नति की है। राष्ट्रीय एकता जनता को व्यक्ति और समाज दोनों रूपों में प्रोत्साहन और प्रेरणा देती है। जब महात्मा गाँधी ने असहयोग आन्दोलन आरंभ किया तो समूचा राष्ट्र एक भावना से गाँधीजी के साथ हो लिया। एकता और संगठन की भावना जागृत करने के लिए उन्होंने नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक रचनात्मक कार्यक्रम आरंभ किए। आज़ादी के बाद समस्त भारत भावनात्मक एकता के सूत्र में बँधा है। चीनी अतिक्रमण इसका जीता-जागता प्रमाण प्रस्तुत करता है। इस कठिन समय में भारतवासियों की भावनात्मक एकता एकदम व्यावहारिक एकता में परिवर्तित हो गई और आक्रांता चीन की चुनौती का पूरे राष्ट्र ने ललकार के साथ उत्तर दिया। इस समय हमारे देश को उसी प्रकार की भावनात्मक एकता की आवश्यकता है। |
| (i) | राष्ट्रीय एकता देशवासियों को क्या प्रेरणा देती है?<br><br>(i) वीरता के कार्यों को करने का (ii) उन्नति के पथ पर आगे बढ़ने का<br><br>(iii) इससे जनता में आत्मविश्वास उत्पन्न होता है। (iv) बलिदानी होने का । |

| | |
|---|---|
| (ii) | राष्ट्रीय एकता किन रूपों में प्रोत्साहन और प्रेरणा देती है?<br><br>(i) व्यक्तिगत (ii) सामाजिक<br><br>(iii) पारिवारिक (iv) (क) और (ख) दोनों। |
| (iii) | गाँधीजी ने किस भावना से प्रेरित हो रचनात्मक कार्य आरम्भ किए?<br><br>(i) एकता की भावना (ii) प्रोत्साहन<br><br>(iii) एकता और संगठन की भावना (iv) प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने की भावना |
| (iv) | किसके बल पर भारतवासियों ने चीनी आक्रमण का सामना किया?<br><br>(i) राष्ट्र एकता (ii) व्यावहारिक एकता<br><br>(iii) राजनीतिक एकता (iv) धार्मिक एकता। |
| (v) | वर्तमान समय में देश को किस प्रकार की एकता की आवश्यकता है?<br><br>(i) सामाजिक (ii) भावात्मक<br><br>(iii) रचनात्मक (iv) भावनात्मक |

**समाप्त**